AsiaNet Logo PR number: 72587 Status: Hold Contributor: PR Newswire New York Country for PR: United States

Number of words: 826 Thursday, March 08 2018 - 14:51

पीडब्ल्यूआर

पीआर नंबर 72587

सुपरमाइक्रो एक सान जोस

सुपरमाइक्रो ने नए 25जी ईथरनेट सर्वर और स्टोरेज समाधानों के साथ 100जी नेटवर्किंग का रास्ता खोला

सान जोस, कैलिफोर्निया, 8 मार्च, 2018, पीआरन्यूजवायर।

– 2.5 गुणा अधिक तेज परफॉर्मेंस, प्रति डॉलर 100 फीसदी बेहतर परफॉर्मेंस, 100जी तक भविष्य–प्रूफ अपग्रेड पाथ के साथ बैकवार्ड कंपैटिबिलिटी के जरिये नए 25जी सिस्टम्स आज के गतिशील डाटासेंटरों के लिए सर्वश्रेष्ठ टीसीओ देते हैं।

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (एनआईसी) और टॉप–ऑफ–रैक (टीओआर) स्विच समाधानों के नेटवर्क के ठोस चयन के जरिये 25जी ईथरनेट नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी में सर्वर और स्टोरेज उद्योग का त्वरित बदलाव कर रही है।

फोटो–

https://mma.prnewswire.com/media/651619/Super_Micro_Computer_25G_Ethernet.jpg

जैसे–जैसे मेमोरी, प्रोसेसर और स्टोरेज परफॉर्मेंस बढ़ता है, विस्तारित नेटवर्क क्षमता की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। बढ़े हुए सिस्टम परफॉर्मेंस के साथ जोड़ने पर 25जी ईथरनेट उद्योगों को बाजार त तेजी से नए उत्पाद एवं सेवाएं पहुंचाने में मदद करता है। ये नवोन्मेषण स्मार्टर मशीनों और बड़े डाटा को 10जी के मुकाबले 2.5 गुणा अधिक तेजी से सिंगल लेन नेटवर्क परफॉर्मेंस से सपोर्ट करते हैं– ये सभी उसी कीमत पर उपलब्ध हैं। उद्योग विश्लेषकों के मुताबिक 25जी अगले साल या दो साल में तीन गुना तक हो जाएगा।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, "10जी से 25जी नेटवर्किंग में परिवर्तित होने का वक्त अब

आ गया है और यह बदलाव बड़ी तेजी से हो रहा है। स्वचालित कारें, एआई, मशीन लर्निंग, बिग डाटा तथा एनवीमी–ओवर–फेब्रिक (एनवीमी–ऑफ) सभी सिस्टम परफॉर्मेंस को एक सीमा तक पहुंचा रहे हैं तथा अधिक नेटवर्क बैंडविड्थ की मांग पैदा कर रहे हैं। 100 गीगाबिट ईथरनेट नेटवर्कों में अधिकतम परफॉर्मेंस, बेहतर स्केलेबिलिटी और एक आसान तथा स्पष्ट अपग्रेड के जरिये ग्राहक नेटवर्क थ्रूपुट बढ़ाने के लिए अपने नेटवर्कों को 25जी में अपग्रेड कर रहे हैं– जिससे उनके अनुप्रयोगों की जरूरतें पूरी हो रही हैं और जिसके लिए वे और ज्यादा बैंडविड्थ पाने के भूखेहैं।"

सुपरमाइक्रो 25जी एनआईसी समाधानों की एक विस्तृत रेंज की पेशकश करती है जो ग्राहकों को भविष्य–प्रूफ के करीब किसी भी सुपरमाइक्रो सिस्टम में सक्षम बनाती है और इसे 25जी ईथरनेट नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी के साथ संपन्न बनाती है। सुपरमाइक्रो के सभी उत्पाद डुएल–स्पीड वाले हैं ताकि वे या तो 10जी या 25जी पर परिचालन कर सकें। यह   उन सभी कंपनियों के लिए उत्कृष्ट निवेश सुरक्षा की पेशकश करती है जो 10जी से 25जी नेटवर्क अधोसंरचना में उभरने की सिर्फ शुरुआत कर रही हैं। ग्राहक इन सिस्टमों को आज ही इंस्टॉल कर सकते हैं और अपनी मौजूदा अधोसंरचना के साथ इंटरकनेक्ट कर सकते हैं, जब 25जी में अपग्रेड करने का वक्त आएगा, यह शायद ही कंफिगरेशन अपडेट होगा– इसमें व्यवधानकारी और महंगे हार्डवेयर बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

जो लोग अपने टीओआर स्विचेज को 25जी में अपग्रेड करने के लिए तैयार हैं, सुपरमाइक्रो उन्हें अपना फ्लैगशिप 100जी स्विच और अपना नया इकलौता 25जी स्विच दोनों की पेशकश करती है। एसएसई–सी3632एस 100जी वाला स्विच है जिसे 25जी पर चार से 128 में फैले कनेक्शनों तक   के सपोर्ट के जरिये इसके 32 पोर्ट में से प्रत्येक के साथ कंफिगर किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से नया एसएसई–एफ3548एस 25जी के 48 पोर्ट के साथ एक अत्यंत महंगा प्रतिस्पर्धी विकल्प देता है और 100जी का छह अपलिंक देता है तथा ये अपलिंक 25जी पर चार से लेकर अधिकतम 72 कनेक्शन तक को सपोर्ट कर सकते हैं।

सुपरमाइक्रो एक्स11 सुपरब्लेड (आर) के साथ 25जी स्विच (एसबीएम–25जी–100) की भी पेशकश करती है। यह स्विच या तो 8यू सुपरब्लेड एनक्लोजर ( एसबीई–820) या 6यू सुपरब्लेड एनक्लोजर (एसबीई–610 ) के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है और इसमें बीस 25जी डाउनलिंक कनेक्शन, चार क्यूएसएफपी28 पोर्ट शामिल हैं जहां प्रत्येक पोर्ट को 40जी या 100 अपलिंक कनेक्शन के तौर पर कंफिगर किया जा सकता है। स्पिलिटर केबल का इस्तेमाल करते हुए अलग–अलग 40जी पोर्ट को चार 10जी पोर्ट में फैलाया जा सकता है या 100जी पोर्ट को चार 25जी पोर्ट में बांटा जा सकता है। स्टैंडर्ड 25जी टीओआर स्विच की तरह यह ब्लेड स्विच ऑटो नेगोशिएट होता है और यह 10जी नेटवर्किंग के अनुकूल है जिससे ग्राहकों को अपनी मौजूदा डाटासेंटर अधोसंरचना में भविष्य 25जी

अपग्रेड करने के लिए स्पष्ट पाथ मिल जाता है। जो ग्राहक एमबीएम–जीईएम–004 के ब्लेड नेटवर्किंग प्रबंधन इंटरफेस से वाकिफ हैं उन्हें नए 25जी स्विच के साथ इसी तरह के जीयूआई/सीएलआई इंटरफेस का इस्तेमाल करने का फायदा मिलेगा। इसके अलावा यह आज के डाटासेंटर और क्लाउड अधोसंरचना माहौल के लिए आवश्यक नवीनतम नेटवर्किंग प्रोटोकॉल का सपोर्ट करता है। ब्लेड सर्वर से इंटरफेस करने वाला 25जी मेजानाइन कार्ड आरडीएमए/आरओसीईई, डीपीडीके, पैकेट पेसिंग, फ्लो स्टीयरिंग और ईथरनेट ऑफलोड का सपोर्ट करता है।

25जी ईथरनेट कई विविधतापूर्ण अनुप्रयोगों में उत्पादकता बढ़ाता है। मसलन, वेब केंद्रित या ई–कॉमर्स बिजनेस मॉडल हमेशा अधिक नेटवर्क बैंडविड्थ की मांग बनी रहती है। इसी तरह हाई–परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी), वितरित अनुप्रयोग और क्लस्टर डाटाबेस को तीव्र नेटवर्क की जरूरत रहती है। साथ ही एनवीमी–ओवर–फेब्रिक ( एनवीमी–ओएफ) पूरी तरह से एनआईसी तथा बैकबोन नेटवर्क की अधिकतम स्पीड की जरूरत बनाए रखते हैं। सुपरमाइक्रो के कई 25जी समाधान इन अनुप्रयोगों को प्रभावी रूप से सपोर्ट कर सकते हैं।

सुपरमाइक्रो के 25जी एनआईसी और स्विच उत्पादों की पेशकश के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें https://www.supermicro.com/networking.

खबरों तथा घोषणाओं के बारे में जानकारी के लिए सुपरमाइक्रो को फेसबुक ( https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।

सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस और वीकीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिहन और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस, सुपरब्लेड और वी कीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और / या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं। अन्य सभी ब्रांड, नाम और व्यापार चिह्न संबंधित स्वामित्व की संपत्तियां हैं। एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.
संपर्कः माइकल केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.
michaelkalodrich@supermicro.com